# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रैल संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

**समाधान शिविर का आयोजन तृतीय चरण 03 अप्रैल से 20 मई तक**

**भिलाईनगर/** लोक सुराज अभियान का तृतीय चरण 03 अप्रैल से 20 मई तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है निगम क्षेत्र में लगाये जाने वाले शिविर स्थलो का आयुक्त के0 एल0 चौहान ने निरीक्षण कर शिविर में लोगो की सुविधा के लिए अलग–अलग काउन्टर लगाये जाने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिये। 5 अप्रैल को उच्चतर माध्यमिक शाला वैशालीनगर में लगने वाले शिविर के स्थल में परिर्वतन किया गया है यह शिविर निर्धारित तिथी को सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर में लगाया जाएगा। आयुक्त श्री चौहान आज प्रातः लोक सुराज अभियान के तहत समाधान शिविर स्थलो का भ्रमण कर जायजा लिए उन्होने शिविर स्थल पर लोगो की सुविधा के लिए विषयवार पृथक–पृथक काउन्टर लगाने को कहा । उन्होने शिविर के नोडल अधिकारियों से कहा कि शिविर में आने वाले नागरिको के लिए पेयजल की व्यवस्था कर लेगें। अपने भ्रमण के दौरान आयुक्त जोन–2 एवं 3 के कार्यालय में पहूॅच कर वहां के कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा नस्थियों के परिचालन तथा पंजी का अवलोकन किया। 3 अप्रैल से 29 मई तक आयोजित समाधान शिविर 3 अप्रैल को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जुनवानी में वार्ड क्रं 1 एवं 2 के नागरिको के लिए प्रात 10 बजे से संध्या 4 बजे तक आयोजित होगा जिसमें क्षेत्र के नागरिक उपस्थित हो कर अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे । इसी प्रकार 5 अप्रैल को सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर में वार्ड 10,11 एवं 15 के लिए होगा, 7 अप्रैल को वार्ड 20,21,23 एवं 24 के निवासियों के लिए स्वास्थ्य कार्यालय हनुमान मंदिर के पास शिविर लगाया जाएगा। 10 अप्रैल को वार्ड 28 मंगल बाजार छावनी का शिविर आयोजित किया गया है ।




## नगर पालिक निगम भिलाई

## वार्ड 28 में समाधान शिविर का आयोजन

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान समाधान शिविर चाक चैांबंद व्यवस्था के बीच वार्ड 28 मंगल बाजार छावनी में छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय,सभापति पी.श्यामसुन्दर राव, वार्ड पार्षद श्रीमती तुलसी पटेल, आयुक्त केएल चैांहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 210 आवेदनों का निराकरण किया गया जिसमें शिकायत के 13 एवं 147 मांग के आवेदन शामिल थे। निगम कर के रुप में शिविर स्थल पर 33000 रुपये की राशि जमा किया गया। केबिनेट मंत्री श्री पाण्डेय ने शिविर में लगे अलग-अलग विभागों के 13 काउंटरों का निरीक्षण कर नागरिकों को आवेदन देने एवं जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होने आवेदन पंजीयन काउंटर पर भारी भीड़ देखकर लाइन में लगे महिलाओं से आवेदन देने का करण पुछा तो  महिलाओं ने राशन कार्ड के लिए आवेदन पत्र लगाये जाने की जानकारी देने पर मंत्री ने उन्हे समझाईस देते हुए बताया कि राशन कार्ड उन्ही हितग्राहियों के बनाये जायेंगे जिनका गरीबी रेखा सर्वे सूची 2007-08 में नाम दर्ज है। पाण्डेय जी ने निगम अधिकारियों से आवेदनों के बारे में जानकारी लेते हुए जानकारी चाही कि जो आवेदन पूर्ण कर लिए गयें है जो आवेदन इस वित्तीय वर्ष पूर्ण किये जावेंगे जो आवेदन अपात्र होने से अस्वीकृत किये गये है शिविर में अधीक्षण अभियंता जीएस ताम्रकर, आरके साहू, शिविर के नोडल अधिकारी, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, प्रभारी राजस्व अधिकारी एचके चन्द्राकर, प्रभारी शिक्षा एवं योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, श्रम विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, विद्युत मण्डल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्वास्थ्य केन्द्र सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।






## लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन जुनवानी वार्ड – 1 में आयोजित

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान 2017 लक्ष्य समाधान के तहत आम लोगो से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश आयुक्त के0एल0चैहान ने दिये ।वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसिन ने कहा कि जनता की समस्याओं के लिए छ.ग.शासन द्वारा 3 अप्रैल से समाधान शिविर का आयोजन पुरे प्रदेश में किया जा रहा है इसी कडी में आज नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जुनवानी वार्ड 1 में यह शिविर आयोजित है। शिविर में नागरिक अपनी समस्याओं के संबंध में दिये आवेदनों का निराकरण के साथ अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते है। लोक सुराज अभियान के अन्तर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जोन 1 के वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी में समाधान शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1ः:30 बजे तक आयोजित किया गया था जिसमें विधायक विद्यारतन भसिन आयुक्त के0एल0 चैहान पार्षद नेहा साहू, सरोज रमेश साहू, भोज राज सिन्हा की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ

लोक सुराज अभियान 2017 लक्ष्य समाधान के तहत आम लोगो से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश आयुक्त के0एल0चैहान ने दिये। आयुक्त के0एल0चैहान ने आवेदको से कहा कि पात्रता रखने वाले कार्यो की आवश्यक कार्यवाही कर स्वीकृति दी जाएगी यदि बजट उपलब्ध नही है तो वित्तीय वर्ष में उन्हें लाभान्वित किया जावेगा। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासिन्ता बर्दास्त नही की जावेगी। आयुक्त श्री चैहान शिविर में प्रारंभ से अन्त तक उपस्थित रह कर नागरिको द्वारा प्राप्त हो रहे आवेदनों पर आवश्यक निर्देश दिये उन्होने पूर्व में आदेशित कर दिया था






## स्वच्छता जागरुकता अभियान आयोजित

**भिलाईनगर/** गीले कचरे को खुले में फेंकने से उससे बदबु और गंभीर बिमारी उत्पन्न होते है गीले और सुखे कचरे को अलग-अलग कर निगम अथवा बी.एस.पी. की कचरा संग्रहण गाड़ी को देवें। गडढ़ा खोदकर उसमें डालकर गीले कचरे को जैविक खाद के रुप में उपयोग करें। खुले में गिला कचरा फेंकने वालों के खिलाफ निगम कार्यवाही करें। उक्त बातें छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने सेक्टर-10 वार्ड 64 में आयोजित स्वच्छता जागरुकता भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात् जोनल मार्केट में कहा। उन्होने आगे कहा कि शहर के होटल, रेस्टोरेंट, ठेला, खोमचा व्यवसायी गीले कचरे को खुले में छोड़ देते हैं जिससे बदबु उत्पन्न होकर बिमारी पैदा करते हैं गीले कचरे को चार बाई चार का गड्ढ़ा खोदकर उसमें डालकर उसमें मिट्टी डाल देने से बदबु एवं बिमारी से बचा जा सकता है तथा बाद में उस मिट्टी का उपयोग खाद के रुप में भी किया जा सकता है। उन्होने सेक्टर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर के स्वच्छता की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारी तंत्र की नहीं हैं सफाई के लिए नागरिकों को भी सड़क पर आना होगा। आयुक्त के.एल. चैहान ने कहा कि 18 अप्रैल को शहर की खुले में शौच स्थलों की जांच करने केन्दीय टीम भिलाई निगम क्षेत्र में भ्रमण करेगी इसकी सफलता की कल्पना नागरिकों के सहयोग के बगैर संभव नहीं हैं। इसके पूर्व श्री पाण्डेय रविवार को प्रातः 07 बजे स्वच्छता जागरुकता सप्ताह के तहत् सेक्टर-10 वार्ड 64 में विभिन्न सड़कों का भ्रमण किया तो सड़क 28,29,30 जोनल मार्केट के निवासी एवं व्यापारियों ने नाली निर्माण, नाली के उपर हुए अवैध कब्जे को हटाने, गार्डन के नाम पर घेरे गये अवैध कब्जे को हटाने, बच्चों के खेल मैदान हेतु समतलीकरण, विद्युत व्यवस्था, आदि समस्याओं से उन्हे अवगत कराया।



## वार्ड **40 एवं 41 के निवासियों हेतु आयोजित समाधान शिविर** आयोजन

भिलाईनगर/ लोक सुराज अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा डुण्डेरा मंगल भवन परिसर में वार्ड क्रमांक 40 एवं 41 के निवासियों हेतु आयोजित समाधान शिविर में छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने उपस्थित होकर असंगठित कर्मकार योजना मण्डल के तहत् दी जाने वाली सायकल सहायता योजना राशि के 17 चेक तथा 40 श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण किये। मंत्री ने कहा कि लक्ष्य समाधान में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आम जनता को देवें तथा शिविर में जो आवेंदन प्राप्त हो रहें है उसके निराकरण के लिए गंभीरता दिखाते हुए आवदेक को समाधान तिथि से अवश्य अवगत करावें। शिविर प्रातः 9 से 1ः30 बजे तक आयोजित किया गया था जिसके प्रारंभ में लक्ष्य समाधान शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी उद्घोषणा कर बताया गया। लोग पंक्तिबद्ध होकर आवेदन प्राप्त कर उसका पंजीयन करवाकर विभागों के काउंटर में जमा कर रहें थे। शिविर स्थल पर मंत्री को पाकर महिलाओं ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया तो उन्होने आवेदन प्रस्तुत करने को कहा।

**-ःविकलांगों को मिलेगा आसानी से पेंशनः-**

शिविर स्थल पर मंत्री रमशीला साहू से कान्तीबाई बुजुर्ग महिला ने मिलकर उन्हे अपने बेटे की ओर इशारा करते हुए बताया कि मेरा बेटा मानसिक रुप से विकलांग है जिसके पेंशन के लिए मैंने आवेदन किया था किन्तु गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम नहीं होने के कारण पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है तो मंत्री ने उन्हे समझाते हुए बताया कि शासन ने ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर नियमों में परिवर्तन किया है और इनके विकलांगता प्रमाण पत्र में दर्ज विकलांगता के प्रतिशत के आधार पर अब पेंशन प्रदान किया जायेगा।





## नगरीय निकायों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण शिविर का आयोजन

भिलाईनगर/लक्ष्य समाधान के उदेश्य को लेकर शासन ने सभी नगरीय निकायों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं आवेदको को जानकारी देने के लिए लोक सुराज अभियान शिविर का आयोजन कर रही है । इस शिविर के माध्यम से शत् प्रतिशत आवेदनों को निराकृत किया जाना है। उक्त बातें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू ने आज स्टेशन मरौदा शिविर में आये आवेदकों के बीच कहीं उन्होने राशन कार्ड, उज्जवला योजना, स्मार्ट कार्ड के आवेदकों को बुला कर वर्तमान में इनके आवेदनों के संदर्भ में होने वाली कार्यवाही के बारे में पृथक-पृथक रूप से समझाया और उन्हें आश्वासन दिया कि आपके आवेदनों में कार्यवाही होगी लेकिन कुछ समय लगेगा । तालाब में गंदा पानी न जाए सडकों की लाईट नालें वार्डों की नालियों की सफाई हो कचरा उठना चाहिए जैसे आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्यवाही की गई। गंदे पानी की निकासी के लिए अलग से नाली व आवश्यकता अनुरूप सोकपिट बनाने भी कहा गया है। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक **हजारों** की संख्या में वार्डवासी उपस्थित रह कर काउन्टरो से अपने आवेदनों का निराकरण कि जानकारी व नयें आवेदन देते रहे है शिविर में मांग के कुल 368 तथा शिकायत के 22 आवेदन प्राप्त किये गये थे जिसका निराकरण किया गया है तथा नया राशन कार्ड के 11 एवं 144 लोगो को श्रमिक प्रमाण पत्र व सायकल सहायता योजना के 36 हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया । आधार कार्ड के लिए 32 लोगो ने अपना पंजीयन करवाया। शिविर में पार्षद नरेश कोठारी, केशव बंछोर, आयुक्त के0एल0चैहान, शिविर के नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी,अधीक्षण अभियंता जी0एस0ताम्रकर, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।





## लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्य. विद्यालय टंकी मरोदा में

**भिलाईनगर/** नगर निगम भिलाई के द्वारा लोक सुराज अभियान 2017 के लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्य. विद्यालय टंकी मरोदा सुबह 9 बजे से आयोजित की गई जिसमें हितग्राहियों द्वारा पूर्व के शिविर में दिये गये आवेदनों पर किये गये कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने शिविर में पंहुचकर शिविर के दौरान किये जा रहे कार्यो की जानकारी सभी काउन्टरों पर जाकर प्राप्त की। आवेदकों के आवेदनों पर निराकरण किस प्रकार किया जा रहा हैं, उन्हे किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है, वहां पर उपस्थित आवेदकों से भी पूछकर जानकारी प्राप्त की कि उन्हे कोई समस्या तो नहीं है। मंत्री साहू ने कहा कि शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिलना चाहिये यही लोक सुराज अभियान का लक्ष्य शिविर के दौरान पूर्व में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के तहत 28 महिला हितग्राहियों को चेक, 55 श्रमिकों को मजदूर कार्ड जांच के दौरान सही पाये गये 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान की गई। प्रधान मंत्री उज्जवला योजना के तहत् 01 हितग्राही श्रीमती कमलावती यादव, वार्ड क्र. 44 का आवेदन टिन नंबर के साथ सही पाया गया उन्हे गैस कनेक्शन संबंधित एजेंसी से प्रदान किया गया। लोक सुराज शिविर में निगम आयुक्त के.एल. चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं शिविर में एमआईसी सदस्य केशव बंछोर, नरेश कोठारी, राजेन्द्र रजक, जोन आयुक्त संजय बागड़े, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, राजस्व अधिकारी एच.के. चन्द्राकर, जन सम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, स्वास्थ्य अधिकारी आई. एल. यादव एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






## स्वच्छता जागरूकता अभियान का भ्रमण कार्यक्रम

भिलाईनगर/घर और शहर की सफाई महिलाओं के भागिदारी के बगैर संभव नही है। महिलाएॅं अपने वार्डों में समुह बना कर सफाई के कार्य को आगे बढावें । नाली का निर्माण तभी समभव है जब लोगो अपनी घर के सामने नाली के उपर किये अवैघ निर्माण को स्वयं हटा लेगें । हस्पिटल सेक्टर के मार्केट में 20 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जावेगा । छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा प्रति रविवार को किये जाने वाला स्वच्छता जागरूकता अभियान का भ्रमण कार्यक्रम वार्ड 68 हस्पिटल सेक्टर में प्रात 7 बजे प्रारंभ हुआ और सेक्टर के विभिन्न सडको का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये । भ्रमण में महिलाओं ने मंत्री को अपनी समस्या बताते हुआ कहा कि बरसात के दिनों में सडक का पानी घरो में धुस जाता है। आप लोग अपने घर के सामने अतिरिक्त निर्माण कर रखे है जो नाली को ढक रखा है जिसके कारण पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है यदि आप लोग स्वयं होकर अवैध निर्माण को हटा लेंगे तो समस्या खत्म हो जाएगा । सेक्टर मार्केट के व्यापारियों ने मार्केट मे स्थित एक मात्र हैण्ड पम्प में पानी दुर्षित आने की शिकायत किये जाने पर मंत्री ने हैण्ड पम्प की सफाई कर उसके जल को शुद्ध करने के लिए उसमें पोटास,क्लोरिन,बिल्चिंग डालने के निर्देश दिये । वार्ड के नागरिकों ने बिल्डिंग के उपरी माले में पानी नही पहूॅचने की शिकायत किये जाने पर श्री पाण्डेय ने कहा कि पेयजल की समस्या को देखते हुए सेक्टर में दोनो टाईम पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ किया गया है इसके बाद भी इस सेक्टर में पानी की समस्या आ रही है तो निगम इस वार्ड में पानी टेंकर की व्यवस्था करेगा।



# शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह




**Editorial Board**

**श्री कुमार लाल चौहान**
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई